खाटू का राजा दुखियो का साथी | By Sunil Sarvottam

खाटू का राजा दुखियो का साथी है बाबा श्याम हमारा
हारे हुओं का सहारा है बाबा श्याम हमारा
हारे हुओं का सहारा ....

बिगड़ी सबकी बात बनाये सोया नसीबा जगाये
गम के मारे लोगों को बाबा अपने गले से लगाए
वरदान देता है प्यारे प्यारे जिसने भी दिल से पुकारा
हारे हुओं का सहारा है बाबा श्याम हमारा
हारे हुओं का सहारा ....

मोरछड़ी का जादू ऐसा सब दु:ख दर्द मिटा दे
भाव भरे दो फूल चढ़ा दो बाबा के चरणों में जाके
करता है पूरी उनकी मुरादें जिसने लगाया जयकारा
हारे हुओं का सहारा है बाबा श्याम हमारा
हारे हुओं का सहारा ....

गिरतों को थामे डूबों को तारे हारे को देता सहारा
नैया सभी की पार लगाता ऐसा है तारणहारा
खाटू में उसका नाम निराला सारे जहाँ से हैं न्यारा
हारे हुओं का सहारा है बाबा श्याम हमारा
हारे हुओं का सहारा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5/